**Ref. No. CS/S/L-870/2025-26** **14th May, 2025**

| To:<br>The Listing Department<br>**NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED**<br>"Exchange Plaza"<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (E ), Mumbai – 400 051<br>**Scrip Code: VMART**<br>Fax: 022-26598120<br>Email: cmlist@nse.co.in | To:<br>The Corporate Relationship Department<br>**THE BSE LTD**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br>**Scrip Code: 534976**<br>Fax: 022-22723121<br>Email: corp.relations@bseindia.com |
|---|---|

**Sub: Copies of the Newspaper Publication**

Dear Sir/Ma'am,

Please find enclosed herewith the copy of the newspaper publication of the Notice of the Postal Ballot published on Wednesday, 14th May, 2025 in "Business Standard" English and "Business Standard" Hindi newspapers.

This information will also be made available on the Company's website at www.vmart.co.in.

Request you to kindly take the same on record.

Thanking You,

Yours Truly
**For V-Mart Retail Limited**
MEGHA TANDON Digitally signed by MEGHA TANDON Date: 2025.05.14 12:09:57 +05'30'
**Megha Tandon**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above

OPERATION SINDOOR

# 300,000 flight tickets cancelled in 6 days

DEEPAK PATEL
New Delhi, 13 May

Airline companies cancelled over 300,000 tickets due to suspension of flight operations at 32 airports in northern and western India between May 7 and May 12, aviation industry sources told *Business Standard*.

These airports were handling 50,000 to 65,000 passengers daily before operations were suspended. The shutdown followed Operation Sindoor in response to the killing of 26 tourists in a terror attack in Pahalgam on April 22.

The affected airports, including Srinagar, Jammu, Leh, Amritsar, Chandigarh, and Jodhpur, reopened on the morning of May 12 after a ceasefire was announced between the two countries. However, the resumption of flights has not been smooth.

On May 12, intense drone activity originating in Pakistan disrupted services, and an IndiGo flight bound for Amritsar was forced to return mid-air on Monday evening. Around midnight on May 12, IndiGo — India's largest carrier —announced that its flights to and from Jammu, Amritsar, Chandigarh, Leh, Srinagar, and Rajkot would be cancelled for May 13.

In an update on Tuesday evening, IndiGo stated on X that flights to and from these cities would "progressively" resume from May 14. "Each flight is being reinstated with meticulous coordination — ensuring every journey is seamless, secure, and on track," the airline said.

Also, just a few hours after announcing plans to resume services, Air India stated on X that, in view of the "latest developments" and keeping passenger safety in mind, it had cancelled flights to and from Jammu, Leh, Jodhpur, Amritsar, Bhuj, Jamnagar, Chandigarh, and Rajkot for May 13.

The Ministry of Civil Aviation did not respond to *Business Standard's* queries on whether the government plans to offer financial relief to the airlines.

However, on Tuesday, Civil Aviation Minister K Ram Mohan Naidu, along with senior officials, met top representatives of airlines to discuss flight disruptions caused by airport closures. The need for reduction of taxes on aviation turbine fuel (ATF) was also raised by the companies.

During the meeting, the minister urged the airlines to explore ways to honour the contributions of the armed forces, including through in-flight announcements.

Besides cancellation of domestic flights between May 7 and May 12, the airlines have also been financially impacted by the closure of Pakistan airspace to Indian carriers' international flights. The rerouting of these flights due to closure of Pakistan airspace came into effect on April 24.

This has forced Indian airlines to take longer routes for their international flights heading west from northern India, increasing flight time by anywhere between 30 and 100 minutes, an executive said. Soon after the closure of Pak airspace, the government had met airline companies to assess the implication.

Among the 32 airports that were closed, the top five in terms of passenger traffic were Srinagar, Jammu, Leh, Amritsar, and Chandigarh, according to officials. "The 32 airports were handling between 50,000 and 65,000 passengers daily. However, the top five alone accounted for about 90 per cent of this traffic. The remaining 27 are relatively small in terms of passenger volume," the executive said.



**AIRPORT ACTIVITY** Earlier traffic at some of major airports that were shut during Operation Sindoor

| | No. of passengers handled in 2024-25 | Y-o-Y growth (in %) |
|---|---|---|
| Srinagar | 4,472,449 | 6.3 |
| Chandigarh | 4,149,840 | 11.5 |
| Amritsar | 3,542,880 | 14.8 |
| Jammu | 1,614,167 | 10.8 |
| Leh | 1,194,892 | 11.2 |

Source: Airports Authority of India

# SC: Volume-based discounts do not amount to discriminatory pricing

## Verdict could influence CCI's probe into tech giants like Google, Amazon: Experts

BHAVINI MISHRA
New Delhi, 13 May

The Supreme Court (SC) on Tuesday ruled that offering volume-based discounts does not amount to discriminatory pricing under the Competition Act, 2002, unless such discounts are applied differently to equivalent transactions.

A Bench of Justices Vikram Nath and Prasanna B Varale upheld a decision of the now-defunct Competition Appellate Tribunal (Compat).

"The order of the Compat is affirmed. A cost of ₹5 lakh is imposed on Kapoor Glass for prolonged litigation," the court said.

A volume-based discount, also known as a quantity discount or bulk discount, is a pricing strategy where the price per unit of a product or service decreases as the total purchase quantity increases, encouraging customers to buy more by offering a lower price for larger orders.

This will have a significant impact on the competition law landscape and market dynamics, experts said.

"The judgment provides legal certainty for companies, particularly dominant enterprises, to design pricing models that reward bulk buyers without risking Competition Commission of India (CCI) scrutiny. This is relevant for industries like pharmaceutical, fast-moving consumer goods, and industrial supply, where volume discounts are common," said former Additional Solicitor General and senior advocate Sanjay Jain.



The apex court verdict came 11 years after the appeal was filed in 2014

The apex court verdict came 11 years after the appeal was filed in 2014. Kapoor Glass, a manufacturer of glass ampoules and vials, had filed a complaint saying that a dominant supplier of neutral borosilicate glass tubes was engaging in discriminatory pricing. It alleged that the supplier extended preferential discounts and commercial terms to its joint venture entity, which was disadvantageous to other buyers in the market.

CCI had found the supplier, Schott, guilty of abusing its dominant position under the Competition Act, 2002, imposed a fine of ₹5.66 crore, and passed a cease-and-desist order. Schott appealed the decision before Compat, which reversed the CCI's order, saying that volume-based discounts do not automatically qualify as discriminatory unless they are applied unequally to similarly situated buyers in comparable transactions. The now-defunct Compat had also imposed a fine of ₹1 lakh on Kapoor Glass, which has now been enhanced by the SC to ₹5 lakh. "The decision is a pragmatic step that prevents over-regulation of legitimate business practices and ensures that competition law does not stifle commercial incentives which benefit consumers through lower prices. Upholding the validity of volume-based discounts will enable companies to structure discount schemes with confidence, provided they maintain transparency and uniformity," Jain said.

Alay Razvi, managing partner of law firm Accord Juris, said after the verdict, "Companies can confidently use incentives like bulk discounts, tiered pricing, and loyalty schemes so long as they are fair and accessible to similarly situated buyers."

Jain said the verdict will strengthen the threshold for CCI investigations, which may extend the benefit to consumers.

# Trump Residences in Gurugram sells out in a day for ₹3,250 crore

SANKET KOUL
New Delhi, 13 May

Trump Residences in Gurugram, the second Trump-branded residential project in the city, has sold out on its launch day, recording ₹3,250 crore in allotments. Priced between ₹8 crore and ₹15 crore per residence, the development's 298 homes were sold within a month of its launch. The developers stated this absorption reflects the surging demand for branded, ultra-luxury living in India.

Tribeca Developers, the licensed partner for the Trump Organization in India and Smartworld Developers are jointly developing the project.

The companies added that the project's four ultra-premium penthouses, valued at ₹125 crore, were also fully allotted. The project, comprising two 51-storey towers and 1.2 million square feet in Gurugram Sector 69 is estimated to be finished within five years of its launch. The investment in the project is around ₹1,200 crore, according to people in the know.

"This project marks the second Trump-branded residential development in North India. The first Trump Towers in Delhi NCR, which launched in 2018 in Gurugram, is also fully sold out and set for delivery later this month," the companies stated.

Kalpesh Mehta, founder of Tribeca Developers, said that this launch proves the magnetic pull of the Trump brand and how it resonates with India's most discerning buyers.

"The existing Trump project in Gurugram has around 25 to 30 per cent NRI participation, which is very high for luxury projects of this ticket size," Mehta said.

## [ TECH DIGEST ]

mybs.in/tech

### SAMSUNG LAUNCHES GALAXY S25 EDGE



Samsung has launched its ultra-thin Galaxy S25 Edge. The smartphone boasts a sleek 5.8mm chassis and weighs 163g. Despite its thin build, the smartphone is powered by the flagship Qualcomm Snapdragon 8 Elite chip, and features a 6.7-inch display. Priced at ₹1,09,999 onwards, the Galaxy S25 Edge is now available for pre-order in India.



### Ray-Ban Meta glasses available for pre-order

Ray-Ban Meta smart glasses are now available for pre-order in India. Starting at ₹29,900, these glasses integrate Meta AI, providing features such as real-time contextual assistance, navigation, live voice translation, and more. Customers can choose between two styles — Wayfarer and Skyler — and both are compatible with prescription lenses.


**V-MART RETAIL LIMITED**
(CIN - L51909DL2002PLC163727)
V MART

**Regd. Off.-** 610-611, Guru Ram Dass Nagar, Main Market, Opp. SBI Bank, Laxmi Nagar, New Delhi – 110092. **Corporate Off.** – Plot No. 862, Udyog Vihar, Industrial Area, Phase – V, Gurugram – 122016 (Haryana). **Tel.:** 0124-4640030; **Fax** : 0124-4640046; **Email:** cs@vmart.co.in; **Website:** www.vmart.co.in

**NOTICE OF POSTAL BALLOT**

Members of the Company are hereby informed that a Postal ballot Notice, seeking their approval to the resolutions set out in the said Notice has been sent electronically, pursuant to the circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs, to the members whose e-mail address is registered with the Company/KFin Technologies Limited ("**KFinTech**"), Companies Registrar and Transfer Agent/ Depository Particiant(s)/ Depositories, as on Friday, May 9, 2025 ("**Cut-Off Date**"). The Company has completed electronic dispatch of the Postal Ballot Notice on Tuesday, May 13, 2025.

The Postal Ballot Notice is available on the Company's website at www.vmart.co.in and on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and **www.nseindia.com** respectively, and on the website of KFinTech at https://evoting.kfintech.com. Members who do not receive the Postal Ballot Notice may download it from the above-mentioned websites.

The documents referred to in the Postal Ballot Notice are available for inspection electronically and members seeking to inspect such documents can send an email to cs@vmart.co.in mentioning his/her name, folio number, DP ID and Client ID.

**Instruction for E-Voting:**

The Company is providing to its members the facility to exercise their right to vote on the resolutions proposed in the said Postal Ballot Notice only by electronic means ("**e-voting**"). The communication of the assent or dissent of the members would take place through remote e-voting process only. The Company has engaged the services of KFinTech as the agency to provide e-voting facility. Members can cast their votes during the period mentioned herein below:

**Commencement of e-voting: 9:00 a.m. (IST) on Wednesday, May 14, 2025**

**End of e-voting : 5:00 p.m. (IST) on Thursday, June 12, 2025**

E-voting will not be allowed beyond the aforesaid date and time and the e-voting module shall be forthwith disabled by KFinTech upon expiry of the said period.

Manner of e-voting by members holding shares in dematerialized mode, physical mode and members who have not registered their email address has been provided in the Postal ballot Notice. The manner in which members, who have forgotten the User ID and Password, can obtain/ generate the same, has also been provided in the said Notice.

**Only a person, whose name is recorded in the register of members/register of beneficial owners, as on the Cut-Off Date, maintained by the Depositories shall be entitled to participate in the e-voting. A person who is not a member as on the Cut-Off Date, should treat this Postal ballot Notice for information purpose only.**

**Manner of registering/updating e-mail address:**

a. Members holding shares in physical mode, who have not registered/updated their e-mail address with the Company, are requested to register/update their email address by submitting Form ISR-1 duly filled and signed along with requisite supporting documents to KFinTech (Unit: V-Mart Retail Limited) at Selenium Tower B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad 500 032.

b. Members holding shares in dematerialized mode, who have not registered/updated their e-mail address with their Depository Participant(s) are requested to register/update their e-mail address with the Depository Participant(s) whre they maintain their demat accounts.

The resolutions, if approved, shall be deemed to have been passed on the last date of e-voting i.e. Thursday, June 12, 2025. The results of e-voting will be announced on or before Saturday, June 14, 2025 and will be displayed on the Company's website at www.vmart.co.in and the website of KFinTech at https://evoting.kfintech.com. The results will simultaneously be communicated to the Stock Exchanges.

In case of any query on e-voting, members may refer to the "Help" & "FAQs" sections/E-Voting user manual available through a dropdown menu in the "Downloads" section of KFinTech's website for e-voting at https://evoting.kfintech.com.

Contact details for addressing e-voting related queries/grievances, if any:

KFin Technologies Limited
Selenium Tower B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District,
Nanakramguda, Hyderabad 500 032
Toll-free No.: 1800 309 4001 (from 9:00 a.m. (IST) to 6:00 p.m. (IST) on all working days)
Email: einward.ris@kfintech.com

For **V-Mart Retail Ltd.**
Sd/-
Megha Tandon (Company Secretary)

**Place:** Gurugram
**Date:** 13th May, 2025




Opinion, **Insight Out**
Opinion, **Monday to Saturday**
To book your copy, sms **reachbs** to **57575** or email **order@bsmail.in**



Business Standard 50 Years of Insight






CONSOLIDATED RESULT HIGHLIGHTS - FY25

| REVENUE FROM OPERATIONS | OPERATING EBITDA | NET PROFIT |
|---|---|---|
| ₹ 50,934 Mn | ₹ 7,332 Mn | ₹ 2,422 Mn |
| 12.09% : Y-o-Y Growth | 14.40% : Op. EBITDA Margin | 4.75% : Net Profit Margin |

CONSOLIDATED RESULT HIGHLIGHTS - Q4 FY25

| REVENUE FROM OPERATIONS | OPERATING EBITDA | NET PROFIT |
|---|---|---|
| ₹ 16,119 Mn | ₹ 2,183 Mn | ₹ 328 Mn |
| 20.00% : Y-o-Y Growth | 13.55% : Op. EBITDA Margin | 2.03% : Net Profit Margin |

Patel Since 1949
Patel Engineering Limited
OVER 75 YEARS OF CONCRETE ENGINEERING
CIN: L99999MH1949PLC007039
Regd. Office : Patel Estate Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400102

SCAN THE QR CODE TO VIEW THE DETAILED FINANCIAL RESULTS

For Patel Engineering Ltd.
Sd/-Kavita Shirvaikar
Managing Director
(DIN: 07737376)

Mumbai,
May 13, 2025

DETERMINED TO DELIVER

For more updates follow us on: patelenglimited Patel Engineering Ltd.

## संक्षेप में

### सरकारी बैंकों की समीक्षा करेंगी सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस सप्ताह गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सालाना प्रदर्शन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इस मामले से जुड़े एख वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'आगामी बैठक में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्तीय सेवा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वित्त वर्ष 2025 के वित्तीय परिणामों की समीक्षा पर विशेष ध्यान होगा। इसके साथ कारोबार की वृद्धि, ऋण की वसूली, डिजिटल बैंकिंग में प्रगति और वित्तीय समावेशन की दिशा में चल रही कवायदों पर भी ध्यान होगा।' एक सप्ताह के भीतर सरकारी बैंकों के साथ वित्त मंत्री की यह दूसरी बैठक होगी। पिछले सप्ताह उन्होंने सीमा पर चल रहे विवाद से उभरी सुरक्षा संबंधी चिंता को लेकर बैठक की थी। एक अन्य अधिकारी ने कहा, 'वित्त मंत्री निश्चित रूप से सीमावर्ती राज्यों में उनकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेंगी और देखेंगी कि वे ग्राहकों को बिना किसी कठिनाई के किस प्रकार सेवा प्रदान कर रहे हैं।' *बीएस*

### ओएनडीसी में कार्यकारी सीईओ बने विभोर

सरकार समर्थित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने मंगलवार को कहा है कि उसके मौजूदा मुख्य परिचालन अधिकारी विभोर जैन ने तत्काल प्रभाव से कार्यकारी मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। प्लेटफॉर्म ने एक बयान में कहा कि नए प्रबंध निदेशक व सीईओ की तलाश की प्रक्रिया जारी रखी है, वहीं सभी कार्यकारी शक्तियां जैन को दी गई हैं। जैन इस सम प्लेटफॉर्म की 8 सदस्यों वाली कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं। प्लेटफॉर्म ने कहा कि नेतृत्व के एकल बिन्दु पर परिवर्तन के साथ, कार्यकारी समिति द्वारा पहले देखी जाने वाली जिम्मेदारियां अब कार्यवाहक सीईओ के अधिकार क्षेत्र में होंगी और समिति की अंतरिम भूमिका खत्म हो जाएगी। जैन ने कहा कि ओएनडीसी के देश भर में विस्तार करने के दौर में जिम्मेदारी हासिल करने गर्व की बात है। बीएस

# 'अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने की अभी जरूरत नहीं'

**असित रंजन मिश्र**
नई दिल्ली, 13 मई



## अमेरिका से हो रही बात

- भारत ने जवाबी कार्रवाई के इरादे से डब्ल्यूटीओ को अवगत कराया
- चल रही वार्ता के कारण जवाबी शुल्क लगाने की जल्दबाजी नहीं

वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सुरक्षा शुल्क के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई के इरादे से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को अवगत कराना प्रक्रिया से जुड़ा कदम है और इसका मकसद जवाबी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखना है।

अधिकारी ने नाम न सार्वजनिक करने की शर्त पर कहा, 'हमने 12 मई को अधिसूचना दाखिल की है, क्योंकि इस तारीख को 30 दिन की अंतिम तिथि बीत रही थी। भारत ने 11 अप्रैल को इस मसले पर डब्ल्यूटीओ में अमेरिका के साथ परामर्श का अनुरोध किया था। अन्य देशों जैसे ब्रिटेन (9 मई) और जापान (12 मई) ने भी इस मसले पर डब्ल्यूटीओ में अपनी अधिसूचनाएं दाखिल की हैं। हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय बातचीत करने में लगे हुए हैं, ऐसे में जवाबी शुल्क लगाने की कोई अनिवार्यता नहीं है।'

भारत ने मंगलवार को डब्ल्यूटीओ को सूचित किया था कि अमेरिका द्वारा सुरक्षा शुल्क लगाए जाने से भारत द्वारा अमेरिका को किया जाने वाला 7.6 अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित होगा, जिस पर अमेरिका का शुल्क संग्रह 1.91 अरब डॉलर होगा।

अधिसूचना में कहा गया है, 'इसी के मुताबिक भारत की रियायतों के निलंबन के बाद अमेरिका के उत्पादों पर भी समान शुल्क वसूला जाएगा।'

भारत ने जून 2019 में अमेरिका के 28 उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाया था, जिसमें बादाम और सेब से लेकर रसायन तक शामिल हैं। उसके पहले अमेरिका ने भारत को अपने जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज (जीएसपी) से हटा दिया था और स्टील व एल्युमीनियम पर शुल्क जारी रखा था। इस कार्रवाई से करीब 24 करोड़ डॉलर के व्यापार पर असर हुआ था और यह भारत की ओर से डब्ल्यूटीओ द्वारा स्वीकृत प्रतिरोध का पहला कदम था। यह शुल्क सितंबर 2023 में हटा लिया गया, जब दोनों देशों ने डब्ल्यूटीओ में चल रहे 6 विवादों को खत्म करने का फैसला किया था, जिनमें से एक विवाद यह भी था।

दिल्ली स्थित थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अब ज्यादा कुछ अमेरिका की प्रतिक्रिया पर निर्भर है। उन्होंने कहा, 'भारत का कदम व्यापक बदलाव को दिखाता है। यह अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए वैश्विक व्यापार नियमों के अंतर्गत खुद को स्थापित करने की इच्छा प्रकट करता है।

## दल का नेतृत्व करेंगे गोयल

**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों का एक दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ 17 मई से वाशिंगटन में चर्चा करेगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपनी यात्रा के दौरान गोयल के अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक के साथ बैठक करने की उम्मीद है। यह चार दिवसीय वार्ता (17-20 मई) ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले 'शीघ्र पारस्परिक लाभ' सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार 19 से 22 मई तक बैठक करेंगे। गोयल 16 मई को वाशिंगटन पहुंचेंगे। इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरोध में कुछ अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने के भारत के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। इन चर्चाओं के जरिये भारत और अमेरिका के अधिकारी उच्च शुल्क पर लगी 90 दिन की रोक के भीतर आम सहमति पर पहुंचना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क को नौ जुलाई तक के लिए निलंबित कर दिया है। बढ़ते व्यापार घाटे को पाटने के लिए दो अप्रैल को इसकी घोषणा हुई थी। *भाषा*

## 10 और देशों से सीमा शुल्क पहचान समझौता

**भारत** ने 9 देशों के सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ पारस्परिक आधार पर एक-दूसरे को मान्यता देने के समझौते (एमआरए) पर हस्ताक्षर किए हैं और इस साल दिसंबर तक 10 और देशों के साथ ऐसे समझौते करने पर विचार कर रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस समझौते के तहत, व्यापार सुविधा का लाभ पारस्परिक आधार पर दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय (डीआईसी) के प्रधान आयुक्त अखिल कुमार खत्री ने कहा कि पारस्परिक आधार पर एक-दूसरे को मान्यता देने के समझौते दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। खत्री ने कहा, 'हमने 9 देशों के साथ इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साल दिसंबर तक 10 और देशों के साथ ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।' पिछले साल, सीबीआईसी और रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा विभाग ने अधिकृत आर्थिक परिचालक (एईओ) एमआरए पर हस्ताक्षर किए थे। इसका मकसद आयात करने वाले देश के सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा माल की निकासी में दोनों देशों के मान्यता प्राप्त और विश्वसनीय निर्यातकों को पारस्परिक लाभ प्रदान करना था। *भाषा*

# वित्तीय संस्थानों के शीर्ष पद भरेगा केंद्र



**हर्ष कुमार**
नई दिल्ली, 13 मई

**केंद्रीय** वित्त मंत्रालय को कैलेंडर वर्ष 2025 में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख वित्तीय संस्थानों में शीर्ष 25 पदों के लिए अभ्यर्थियों को चिह्नित करने की जरूरत होगी।

इसमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक, एलआईसी के चेयरमैन, इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के के एमडी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी का पद शामिल है।

इसके लिए फाइनैंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशंस ब्यूरो (एफएसआईबी) अभ्यर्थियों की सूची बनाने व साक्षात्कार आयोजित करने का काम करेगा। उसके बाद सूची को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक और सीईओ ए मणिमेखलाई का कार्यकाल 2 जून, 2025 को पूरा हो रहा है। वह जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी रे) के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल रही हैं। उनका कार्यकाल समाप्त होने पर दोनों पद खाली होने हैं।

इसी तरह से एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती का कार्यकाल इस साल 7 जून को समाप्त हो रहा है। मोहंती को पिछली जुलाई में एक्सटेंशन मिला था और जून 2025 तक उनका कार्यकाल है। इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पद्मनाभन राजा जयशंकर का कार्यकाल 28 मई को पूरा हो रहा है। इस साल पंजाब ऐंड सिंध बैंक के एमडी और सीईओ का पद भी भरा जाना है, क्योंकि स्वरूप कुमार साहा का कार्यकाल 2 जून, 2025 को पूरा हो रहा है।

इन पदों पर नियुक्ति के लिए एफएसआईबी उचित अभ्यर्थियों की तलाश करता है और अपनी सिफारिश वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग को भेजता है। वित्त मंत्रालय इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के सामने पेश करता है। नियुक्ति समिति द्वारा नियुक्ति को मंजूरी मिलने के बाद कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) सफल उम्मीदवार का नाम अधिसूचित करता है।

कुछ सरकारी बैंकों के गैर कार्यकारी चेयरमैन के पद भी खाली होने जा रहे हैं। केनरा बैंक के गैर कार्यकारी चेयरमैन विजय श्रीरंगन ने 7 नवंबर, 2022 को पद संभाला था और उनका कार्यकाल 6 नवंबर, 2025 को समाप्त हो रहा है। पंजाब नैशनल बैंक के गैर कार्यकारी चेयरमैन केजी अनंतकृष्णन का कार्यकाल भी 6 नवंबर, 2025 को समाप्त हो रहा है।


## वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड

(CIN - L51909DL2002PLC163727)

V MART

**पंजीकृत कार्यालय -** 610-611, गुरु राम दास नगर, मेन मार्केट, एसबीआई बैंक के सामने, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली - 110092. **कॉर्पोरेट कार्यालय** - प्लॉट नं. 862, उद्योग विहार, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज - V, गुरुग्राम - 122016 (हरियाणा). **टेलीफोन.:** 0124-4640030; **फैक्स :** 0124-4640046; **ईमेल:** cs@vmart.co.in; **वेबसाइट:** www.vmart.co.in

### डाक मतपत्र की सूचना

कंपनी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार, उक्त नोटिस में उल्लिखित प्रस्तावों पर उनकी स्वीकृति प्राप्त करने के उद्देश्य से एक डाक मतपत्र नोटिस उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजा गया है, जिनके ई-मेल पते शुक्रवार, 9 मई 2025 ("**कट-ऑफ तिथि**") तक कंपनी, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ("**केफिनटेक**")—जो कि कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट हैं—या संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों)/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। कंपनी ने मंगलवार, 13 मई 2025 को उक्त डाक मतपत्र नोटिस का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण पूरा कर लिया है।

डाक मतपत्र नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.vmart.co.in, स्टॉक एक्सचेंजों — अर्थात बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड — की वेबसाइटों www.bseindia.com एवं www.nseindia.com तथा केफिनटेक की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर उपलब्ध है। जिन सदस्यों को डाक मतपत्र नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, वे इसे उपरोक्त वेबसाइटों से डाउनलोड कर सकते हैं।

डाक मतपत्र नोटिस में संदर्भित दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप से निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं और ऐसे दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य अपना नाम, फोलियो नंबर, डीपी आईडी और ग्राहक आईडी बताते हुए cs@vmart.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

**ई-वोटिंग के लिए निर्देश:**

कंपनी अपने सदस्यों को, उक्त डाक मतपत्र नोटिस में उल्लिखित प्रस्तावों पर मतदान करने के अधिकार का प्रयोग केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ("ई-वोटिंग") के माध्यम से करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों द्वारा अपनी सहमति या असहमति केवल दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से ही दर्ज की जाएगी। कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से केफिनटेक को अधिकृत एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। सदस्य नीचे दी गई अवधि के दौरान अपना मत डाल सकते हैं:

**ई-वोटिंग की शुरुआत: बुधवार, मई 14, 2025 को सुबह 9:00 बजे (भारतीय मानक समय)**

**ई-वोटिंग की समाप्ति: गुरुवार, 12 जून 2025 को शाम 5:00 बजे (भारतीय मानक समय)**

उपरोक्त तिथि और समय के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और उक्त अवधि की समाप्ति पर केफिनटेक द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को तत्काल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

डीमैटरियलाइज्ड मोड या भौतिक (फिजिकल) मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों तथा जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनके लिए ई-वोटिंग की प्रक्रिया डाक मतपत्र नोटिस में विस्तृत रूप से उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जिन सदस्यों को अपना यूज़र आईडी या पासवर्ड भूल गया है, वे उसे किस प्रकार प्राप्त अथवा पुनः जनरेट कर सकते हैं, इसकी जानकारी भी उक्त नोटिस में दी गई है।

**केवल वही व्यक्ति ई-वोटिंग में भाग लेने के पात्र होंगे, जिनका नाम कट-ऑफ तिथि तक डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए सदस्यों के रजिस्टर या लाभार्थी स्वामित्व रजिस्टर में दर्ज है। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि तक कंपनी का सदस्य नहीं है, उन्हें इस डाक मतपत्र नोटिस को केवल सूचना ही समझना चाहिए।**

**ई-मेल पता पंजीकृत/अपडेट करने का तरीका:**

क. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले ऐसे सदस्य जिन्होंने अभी तक कंपनी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत या अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे फॉर्म आईएसआर-1 को विधिवत भरकर एवं हस्ताक्षरित रूप में आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित केफिनटेक (यूनिट: वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड), सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 और 32, गाचीबावली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद – 500032 के पते पर जमा कराकर अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अपडेट करें।

ख. डीमैट मोड में शेयर रखने वाले ऐसे सदस्यों से, जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपना ई-मेल पता अभी तक पंजीकृत या अपडेट नहीं किया है, अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता उस डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत/अपडेट करें, जिसके पास उनका डीमैट खाता संधारित है।

यदि प्रस्ताव स्वीकृत हो जाते हैं, तो उन्हें ई-वोटिंग की अंतिम तिथि, यानी गुरुवार, 12 जून, 2025 को पारित माना जाएगा। ई-वोटिंग के परिणाम शनिवार, 14 जून, 2025 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे और उन्हें कंपनी की वेबसाइट www.vmart.co.in और केफिनटेक की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर प्रदर्शित किया जाएगा। परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को भी उसी समय सूचित किए जाएंगे।

ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य https://evoting.kfintech.com पर ई-वोटिंग के लिए केफिनटेक की वेबसाइट के "Downloads" अनुभाग में ड्रॉपडाउन मेनू के माध्यम से उपलब्ध "Help" और "FAQs" अनुभाग / ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका का संदर्भ ले सकते हैं।

ई-वोटिंग से संबंधित प्रश्नों/शिकायतों (यदि कोई हो) के समाधान के लिए संपर्क विवरण:

केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31 और 32, गाचीबावली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद 500 032

टोल-फ्री नंबर: 1800 309 4001 (सभी कार्य दिवसों में सुबह 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) से शाम 6:00 बजे (भारतीय मानक समय) तक)

ईमेल: einward.ris@kfintech.com

**वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड** के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/-
मेघा टंडन (कंपनी सचिव)

**स्थान:** गुरुग्राम
**दिनांक:** 13 मई, 2025


## एनसीएलटी ने भूषण पावर के प्रवर्तक की याचिका पर सुनवाई स्थगित की

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को कर्ज में डूबी भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के पूर्व प्रवर्तक संजय सिंघल की याचिका पर सुनवाई 26 जून तक के लिए स्थगित कर दी।

सिंघल ने उच्चतम न्यायालय के आदेश को लागू करने का आग्रह करते हुए एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया है। न्यायालय ने दो मई को सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली जेएसडब्ल्यू स्टील की 19,700 करोड़ रुपये की समाधान योजना को रद्द कर दिया था।

शीर्ष अदालत ने न्यायाधिकरण के पिछले आदेश को अलग रखते हुए दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के अनुसार बीपीएसएल के परिसमापन की शुरुआत करने का निर्देश दिया था। *भाषा*

## सहारा हॉस्पिटैलिटी के लिए अभिरुचि पत्र

**सुब्रत पांडा**
मुंबई, 13 मई

**सहारा** हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के 728.58 करोड़ रुपये के फंसे हुए ऋण के अधिग्रहण के लिए 17 से 18 अभिरुचि पत्र (ईओआई) हासिल हुए हैं। इस मामले के जानकार लोगों के मुताबिक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व में बैंकों के समूह को ईओआई मिले हैं। अंतिम सौदे से पहले जांचने व मूल्यांकन की अवधि 20 मई तक बढ़ा दी गई है और इसके बाद अधिग्रहण के लिए बाध्यकारी निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

बहु संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां (एआरसी) ने बैंकों के समूह के फंसे हुए ऋण के लिए अभिरुचि पत्र दाखिल किए हैं। इन एआरसी में ऐसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, फोनिक्स एआरसी, जेएम फाइनैंशियल एआरसी, एडलविस एआरसी आदि हैं। ऋण फंसे हुए बैंकों के समूह में अन्य बैंक यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई और कर्णाटका बैंक हैं। सभी बैंकों का कुल बकाया मूलधन 426.8 करोड़ रुपये है और ब्याज सहित कुल बकाया 728.58 करोड़ रुपये है। सहारा हॉस्पिटैलिटी मुंबई में सहारा स्टार होटल का संचालन करता है। इस पांच सितारा संपत्ति में 400 से अधिक कमरे, पांच फुल सर्विस रेस्टोरेंट आदि हैं।

# एआई, टेक बदलाव के बारे में चिंतित अकाउंटेंट

**रुचिका चित्रवंशी**
नई दिल्ली, 13 मई




**वैश्विक** सर्वे में शामिल भारत के आधे से ज्यादा अकाउंटेंटों ने तेजी से बदलती तकनीक और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण भविष्य में कौशल विकास की सक्षमता को लेकर चिंता जताई है।

एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) द्वारा कराए गए तीसरे वार्षिक ग्लोबल टैलेंट ट्रेंड्स सर्वे 2025 में पाया गया, 'मध्यम और कनिष्ठ स्तर के पेशेवर, वरिष्ठ नेतृत्व और बोर्ड स्तर के उत्तरदाताओं की तुलना में अधिक चिंतित हैं।' जवाब देने वाले 54 प्रतिशत भारतीयों ने भविष्य में अपेक्षित कौशल विकसित न होने को लेकर चिंता जताई, जबकि वैश्विक औसत 50 प्रतिशत है।

सर्वे में कहा गया कि आधे से अधिक लोगों ने एआई और तकनीक को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। भारत में 43 प्रतिशत लोगों के मुताबिक एआई सबसे मूल्यवान कौशल है, जबकि वैश्विक औसत 36 प्रतिशत है।

सर्वे में एक्सेंचर इंडिया की सीएफओ एम्मा जिंदल ने कहा, 'भविष्य के कार्यस्थल में सफल होने के लिए तकनीक की गहन समझ अनिवार्य है। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि वित्त पेशेवर लोग तकनीक के साथ अधिक सहज हो रहे हैं।'

प्रतिक्रिया देने वालों में से सिर्फ 37 प्रतिशत ने कहा कि उनका संगठन एआई से जुड़े कौशल सीखने के अवसर मुहैया करा रहा है। सर्वे में शामिल भारत के 41 प्रतिशत लोग ऑफिस में कम करने वाले जबकि सिर्फ 13 प्रतिशत अन्य जगह काम करने वाले थे। 75 प्रतिशत ने कामकाज के हाइब्रिड मॉडल का समर्थन किया। प्रतिक्रिया देने वालों में 45 प्रतिशत हाइब्रिड मॉडल पर काम करने वाले लोग थे।

एसीसीए के सर्वे में यह भी पाया गया है कि पूरी तरह से ऑफिस में काम करने वाले पेशेवरों की संख्या पिछले 3 साल से निरंतर बढ़ रही है और यह 2023 के 30 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत और 2025 में 41 प्रतिशत हो गई है।

सर्वे में कहा गया है कि फ्लैक्सिबल काम व हाइब्रिड या दूर बैठकर काम करने को लगातार सबसे मूल्यवान (49 प्रतिशत) लाभ के रूप में उद्धृत किया जा रहा है और नियोक्ता इसके माध्यम से कामकाज और जीवन में सकारात्मक संतुलन मुहैया करा सकता है।

## जीवन बीमा के नए कारोबार का प्रीमियम 8.43% बढ़ा

**आतिरा वारियर**
मुंबई, 13 मई

**जीवन** बीमा कंपनियों ने वित्त वर्ष 25 में सुस्त प्रदर्शन के बाद अप्रैल में नए बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) में सालाना आधार पर 8.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसमें ज्यादातर योगदान सरकारी भारतीय जीवन बीमा ने प्रीमियम वृद्धि के जरिये दिया। जीवन बीमा काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक जीवन बीमा उद्योग का एनबीपी अप्रैल में 21,965.73 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। हालांकि इस अवधि में एलआईसी का एनबीपी 9.9 प्रतिशत बढ़कर 13,610 करोड़ रुपये हो गया जबकि निजी क्षेत्र का जीवन बीमा सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 8,355 करोड़ रुपये हुआ। जीवन बीमा कंपनियों के लिए आमतौर पर अप्रैल सुस्त महीना रहता है। इसका कारण यह है कि वित्त वर्ष की समाप्ति से पूर्व कर बचत का लाभ लेने के लिए मार्च में पर्याप्त संख्या में पॉलिसियों की बिक्री हो जाती है। नया बिजनेस प्रीमियम किसी खास वर्ष में नई पॉलिसियों पर अर्जित किया प्रीमियम होता है।

## बीएस सूडोकू 5281

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | | 9 | 4 | 8 | | |
| | | 5 | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | 7 |
| | 3 | | 7 | | | | 9 | 8 |
| | | 8 | 5 | 2 | 3 | 6 | | |
| | | | 6 | | 9 | 3 | 7 | |
| 2 | 8 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | 5 | | 9 | | | | 4 | |
| 4 | | 7 | | | 6 | 5 | | 1 |

### परिणाम संख्या 5280

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 2 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 9 | 7 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 |

**कैसे खेलें ?**
हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

**बहुत मुश्किल** ★★★★★

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।